पत्र सूचना कार्यालय (रक्षाविंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीःपौष 09,1944
शुक्रवारः 30 दिसंबर 2022

भारतीय तटरक्षक बल ने 10मल्टीकॉप्टर (वीटीओएल) ड्रोनके लिए पहला अनुबंधकिया

समुद्री निगरानी और निषेधात्मक क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए, भारतीय तटरक्षक बल ने ड्रोन प्रौद्योगिकी को अपनाने की भारत सरकार की नीति के अनुरूप 10 मल्टीकॉप्टर (वीटीओएल) ड्रोन के लिए पहला अनुबंध किया है।

ये ड्रोन पोतों के साथ-साथ तटीय स्टेशनों से लॉन्च किए जाने में सक्षम हैं और सुरक्षा एवं निगरानी अभियानों के दौरान आईसीजी यूनिटकी ताकत को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिकानिभाएंगे। इसकेअलावा, ये ड्रोन अहर्निश खोज एवं बचाव कार्य में सहायता करेंगे। भारतीय तटरक्षकने भारत के समुद्री क्षेत्रों और खोज एवं बचाव क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों का सामना करने के लिए वर्ष 2025 तक 100 अतिरिक्त ड्रोन शामिल करने की योजना बनाई है।

एबीबी/डीएस